NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 65 /NCRES/20

Date : 19.03.2020

श्रीमान महाप्रबंधक (कार्मिक)
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– श्री सुदेश कुमार पुत्र स्व. मोहन सिंह पूर्व टेक्नी. (टी.आर.डी) ललितपुर, झांसी को सीनियर क्लर्क ग्रेड पे–2800 में अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति देने के सम्बन्ध में।

संदर्भ :– (1) NCRES का पत्र दिनांक 30.10.2019
(2) NCRES का पत्र दिनांक 6.1.2020

महोदय,

अवगत कराना है कि NCRES, झांसी मण्डल, ललितपुर शाखा के शाखा सचिव की मृत्यु के बाद उनके पुत्र श्री सुदेश कुमार ग्रेजुएट कोटे की परीक्षा में पास हुये और मेडिकल जांच में B-2 में फिट घोषित किये गये लेकिन खेद के साथ अवगत कराना पड़ रहा है कि झांसी मण्डल ने श्री सुदेश कुमार को मिनिस्ट्रीयल कैडर में GP-2800 के सीनियर क्लर्क के पद पर नियुक्ति प्रदान नही किया।

यह भी अवगत कराना है कि महाप्रबंधक महोदय के झांसी आगमन पर NCRES के मण्डल अध्यक्ष और मण्डल सचिव ने महाप्रबंधक महोदय से अनुरोध किया कि अनुकम्पा आधार पर पुरूष अभ्यर्थियों को भी मिनिस्ट्रीयल कैडर में नियुक्ति प्रदान किया जाना चाहिये तब महाप्रबंधक महोदय ने भी सहमति व्यक्त किया था लेकिन सुदेश कुमार को सीनियर क्लर्क के पद पर नियुक्ति नही मिली।

यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 6.1.2020 को मैं महाप्रबंधक महोदय से मिला था और समस्त जानकारी देने के बाद अनुरोध किया था कि श्री सुदेश कुमार को सीनियर क्लर्क GP-2800 के पद पर नियुक्ति प्रदान किया जाय तो महाप्रबंधक महोदय ने सहमति व्यक्त किया लेकिन श्री सुदेश कुमार को अभी तक सीनियर क्लर्क के पद पर नियुक्ति नही मिली।

NCRES का पुनः अनुरोध है कि अनुकम्पा आधार पर ग्रेजुएट कोटे में पास होने वाले व B-2 में फिट होने के बाद श्री सुदेश कुमार को As a Special Case मिनिस्ट्रीयल कैडर के GP-2800 में सीनियर क्लर्क के पद पर नियुक्ति प्रदान करने के लिये उचित आदेश करने की कृपा करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री